राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# समाचार गेट

वर्ष 1, अंक 107, पेज 8, मूल्य 1 रूपये मंगलवार 03 जुलाई 2024 samachargate@gmail.com TITLE CODE: HARHIN11569

# हाथरस में प्रवचन के दौरान भगदड़

## हाथरस में 107, एटा में 27, मरने वालों की संख्या 134 पहुंची

समाचार गेट/ब्यूरो



हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ की दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां प्रवचन के दौरान अचानक से भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग घायल हैं। सैकड़ों लोग बेहोश हो गए हैं। बेहोश लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसे में कई लोगों की जान गई है। तमाम घायलों को एटा जिले के अस्पताल में ले जाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो खबर है कि अब तक 134 लोग मारे जा चुके हैं। हाथरस में 107 और एटा में 27 लाशें अब तक गिनी जा चुकी हैं। अभी यह अंतिम आंकड़ा नहीं है और इसके बढ़ने की संभावना है। एटा के सीएमओ ने बताया कि 27 लोगों के शव यहां आए हैं। इनमें से 25 महिलाएं हैं। सभी सत्संग हादसे से जुड़े हैं। ज्यादा अपडेट की प्रतीक्षा की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, हादसे के पीछे किसी तरह के अफवाह की बात सामने नहीं आई है। सिक्योरिटी के लोगों ने श्रद्धालुओं को रोक दिया था, जिसके बाद उनमें से कई लोगों दम घुटने की शिकायत होने लगी। इसके बाद वहां भगदड़ मच गई। जिलाधिकारी समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। हाथरस के गांव फुलराई की घटना है। कार्यक्रम के आयोजक ने अनुमति तो ली थी लेकिन जितनी संख्या आयोजकों ने प्रशासन को बताई थी, उससे ज्यादा लोग पहुंचे थे।

जानकारी के मुताबिक, हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव फुलराई में भोलेबाबा प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान अचानक भगदड़ मच गई। कार्यक्रम में शामिल होने आए दर्जनों भक्तों की इस दौरान मौत हो गई। सैकड़ों भक्त भीषण गर्मी से बेहोश हो गए। सूचना पर पहुंचा पुलिस और प्रशासन ने सैकड़ों गंभीर लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है। खबर लिखे जाने तक जान गंवाने वाले लोगों की संख्या स्पष्ट नहीं।

## कौन हैं भोले बाबा?



जिन भोले बाबा के सत्संग में यह हादसा हुआ, वह पहले पुलिस विभाग में थे। नौकरी छोड़कर उन्होंने प्रवचन करना शुरू कर दिया था। एटा जिले के पटियाली गांव के रहने वाले हैं और साकार विश्व हरि के नाम से जाने जाते हैं। बताया जाता है कि वह पुलिस के गुप्तचर विभाग में नौकरी करते थे। बाद में उन्होंने नौकरी छोड़ दी और भक्तों की सेवा का काम शुरू किया था। वह अपनी पत्नी के साथ सत्संग का कार्यक्रम करते हैं और पटियाली वाले साकार विश्व हरि बाबा के नाम से जाने जाते हैं। उनके सत्संग में हजारों की संख्या में लोग आते हैं बताया जा रहा है कि कोरोना के समय भी भोले बाबा का सत्संग कार्यक्रम विवादों में आया था। तब उन्होंने अपने सत्संग के लिए सिर्फ 50 लोगों के शामिल होने की अनुमति मांगी थी लेकिन बाद में 50 हजार से ज्यादा लोग उनके सत्संग में आए। भारी भीड़ के चलते प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई थी। इस बार भी कहा जा रहा है कि कार्यक्रम के लिए जितने लोगों के शामिल होने की बात प्रशासन को बताई गई थी, उससे ज्यादा लोग जुट गए थे।

## हाथरस हादसे पर पीएम मोदी का बयान

समाचार गेट/ब्यूरो



पीएम नरेंद्र मोदी ने संसद में कहा जिन लोगों की हाथरस हादसे में जान गई है, मैं उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ

## योगी सरकार आयोजकों पर दर्ज कराएगी एफआईआर

समाचार गेट/ब्यूरो

उत्तर प्रदेश के हाथरस सत्संग हादसे में 107 लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है। हादसे के बाद अस्पताल के बाहर और अंदर काफी संख्या में शव रखे हुए देखे गए हैं। ट्रामा सेंटर सिकंदराराऊ के बाहर स्थानीय लोगों ने दावा किया कि उन्होंने वहां अपने हाथ से 107 शवों की गिनती की है। इसमें चार बच्चे भी शामिल हैं। वहीं भीड़ में खड़े लोगों ने दावा किया कि यहां पर डॉक्टर न होने की वजह से भी कई लोगों की जान चली गई है।डीएम हाथरस आशीष पटेल ने बताया कि सत्संग के अंत में ज्यादा उमस के कारण ये घटना हुई है। अभी सभी घायलों को निकाल कर अस्पताल भेजा जा रहा है। स्थानीय सीएचसी से डॉक्टरों ने बताया है कि करीब 50 से 60 लोगों की मौत हुई है। इसकी सत्संग की अनुमति एसडीएम के जरिए दी गई थी। ये एक प्राइवेट आयोजन था। इसमें सुरक्षा के लिए व्यवस्था की गई थी। अंदर की व्यवस्था आयोजकों को करनी थी। दुर्घटना पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है। साथ ही मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

### बाजार भाव

| | |
|---|---|
| सोना ₹ | 72,380 |
| चाँदी ₹ | 91,000 |

### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान ° | |
| ज्यादा | 32 ° |
| कम | 26 ° |

### हंसना जरूरी है!

Husband आधी रात को अपनी मोटी बीवी को जगा कर बोला.. घुट-घुट कर मरना सही है या फिर एकदम से मर जाना..?

wife: एकदम से मर जाना अच्छा होता है.. झ्र ल्ह४रुंल्ला: तो अपनी दूसरी टांग भी मुझ पे रख दे और किस्सा खत्म कर मेरा.

## हरियाणा वालों के लिए गुड न्यूज, 4 मंजिला बिल्डिंग बनाने पर रोक हटी



समाचार गेट/एजेंसी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने शहरी क्षेत्रों में चौथी मंजिल पर निर्माण को लेकर बड़ा फैसला लिया था। सरकार ने कहा था कि चौथी मंजिल बनाने वाले बिल्डरों और भवन मालिकों को अवैध निर्माण गिराने होंगे। लेकिन अब सरकार अपने इस फैसले को वापस ले लिया है। सरकार ने स्टिल्ट प्लस चार मंजिल निर्माण को मंजूरी दे दी है। सरकार इस फैसले से हरियाणा के लोगों ने राहत की सांस ली है। हरियाणा के वित्त और नगर एवं योजना विभाग के मंत्री जेपी दलाल ने खुद इस बात की जानकारी दी है।

इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जेपी दलाल ने कहा कि स्टिल्ट प्लस चार एक महत्वपूर्ण मुद्दा था। सरकार ने पहले इसकी अनुमति दी थी, लेकिन बाद में इस पर कुछ लोगों ने एतराज जताया था। पूर्व सीएम ने विधानसभा में एक कमेटी गठित की थी, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर अब एक बार फिर स्टिल्ट प्लस चार मंजिल भवनों के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि इसके लिए कुछ शर्त भी निर्धारित की गई हैं।

### मंजिलों पर 1.8 मीटर का साइड सेटबैक

स्टिल्ट प्लस 4 मंजिलों के निर्माण की अनुमति उन कॉलोनियों/सेक्टरों में भी दी जा सकती है, जिनका लेआउट प्लान प्रति प्लॉट तीन आवासीय इकाइयों के साथ अनुमोदित है। मगर केवल ऐसे आवासीय भूखंडों के लिए जो 10 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़क से सुगम्य हैं और दो शर्तों में से किसी एक को भी पूरा करते हैं। यानी सभी आसन्न भूखंडों के स्वामियों के पारस्परिक सहमति समझौते की प्रस्तुति, सिवाय जिन्हें पहले से ही एस प्लस 4 अनुमोदन प्राप्त है, या आसन्न भूखंडओं की सभी मंजिलों पर 1.8 मीटर का साइड सेटबैक बनाए रखा जाना।

सरकार ने जारी किए ये नियमऐसे आसन्न भूखंड के स्वामी, जो ऐसी सहमति देने से इनकार करते हैं, वे भविष्य में अपने भूखंडों पर एस प्लस 4 अनुमोदन के लिए अपात्र होंगे। 250 वर्ग मीटर से अधिक माप वाले भूखंडों के लिए ढ्ढक्र(पीडआर) की दरें अनुलग्नक 'ए' के अनुसार बढ़ाई जाएंगी। ऐसे मामले जहां एचएसवीपी द्वारा प्लॉट की नीलामी अंतर्निहित पर्चेसेबल एफएआर के साथ की जा चुकी है। वो या तो स्टिल्ट 4 मंजिलों का निर्माण आवंटन की शर्तों के अधीन कर सकते हैं।

## पंजाब में अकाली दल खत्म होने की अंतिम कगार पर

समाचार गेट/एजेंसी



चंडीगढ़ः मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह ने पंजाब में अकाली दल के पतन का कारण बताया है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मामले शिरोमणि अकाली के पतन का एक बड़ा कारण है। बता दें कि अकाली दल इन दिनों अंदरूनी कलह का सामना कर रही है। भगवंत मान का कहना है कि 1920 में बनी अकाली दल 2020 के बाद से भारी संकट में है और विलुप्त होने के कगार पर है। क्योंकि इसने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की थी। मान ने कहा कि उनके पतन के पीछे न तो भगवंत मान हैं और न ही जनता, बल्कि गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी है। ये अपने पार्टी के चुनाव चिन्ह को को गुरु नानक की तकड़ी से जोड़ते हैं, लेकिन इन्होंने गुरु के भजनों का अपमान किया है।

अकाली दल के पतन का बताया कारण

मान ने कहा कि कुछ साल पहले मैंने भविष्यवाणी की थी कि 1920 में अस्तित्व में आई अकाली दल 2019 में समाप्त हो जाएगी। अब अगर आप हरसिमरत कौर बादल (बठिंडा से अकाली दल की सांसद) के वोट प्रतिशत को घटा दें तो उनकी पार्टी को 2024 के चुनावों में केवल 6%-7% वोट मिले हैं। उन्होंने कहा कि उस समय के राजा होने के बावजूद, महाराजा रणजीत सिंह ने श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा दी गई सजा को आसानी से स्वीकार कर लिया था। लेकिन राज्य के पिछले नेताओं (रअऊ) जिन्होंने महाराजा रणजीत सिंह की तरह शासन देने का दावा किया था उन्होंने श्री अकाल तख्त साहिब के अधिकार को कम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

केंद्र सरार से नहीं मांगेंगे धन

मान संगरूर में महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार समाज के हर वर्ग की भलाई सुनिश्चित करने के लिए शेर-ए-पंजाब के नक्शेकदम पर चल रही है। हम राज्य के विकास के लिए केंद्र से धन नहीं मांगेंगे, बल्कि राज्य अपने संसाधन खुद जुटाएगा। केंद्र सरकार राज्य के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। क्योंकि पंजाब के लोगों ने उन्हें एक भी सीट नहीं देकर बेदखल कर दिया है। हमारी सरकार अब घर-घर राशन योजना के तहत लोगों को गेहूं देगी और वह भी चार महीने के लिए। हम जल्द ही 10,000 नए पुलिसकर्मियों की भर्ती करेंगे, जिसके लिए अधिसूचना पहले ही जारी की जा चुकी है। मान ने कहा कि विपक्षी दलों के नेता यह कहकर हवाई किले बना रहे हैं कि उनकी सरकार अस्थिर है और जल्द ही गिर जाएगी।

# हाईकोर्ट के जजों की लेटलतीफी पर जस्टिस गवई ने उठाए सवाल

समाचार गेट/ब्यूरो

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने हाईकोर्ट के जजों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कुछ जज समय पर कोर्ट नहीं आते हैं और सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए सिफारिश लगवाते हैं। जस्टिस गवई ने 29 जून को कोलकाता में नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी कॉन्फ्रेंस में ये बातें कहीं। जस्टिस गवई ने कहा कि जब से वे सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का हिस्सा बने हैं, उन्हें कई परेशान करने वाली घटनाएं देखने को मिली हैं। उन्होंने कहा कि कुछ हाई कोर्ट में जज समय पर कोर्ट रूम में नहीं बैठते हैं।

जस्टिस गवई ने कहा, 'यह जानकर हैरानी होती है कि कुछ जज 10:30 बजे की बजाय 11:30 बजे कोर्ट में बैठते हैं और 1:30 बजे की बजाय 12:30 बजे उठ जाते हैं। यह जानकर और भी धक्का लगता है कि कुछ जज दूसरी पाली में बैठते ही नहीं हैं।' जस्टिस गवई ने कहा कि ये बताते हुए दुख हो रहा कि कुछ जज सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए सिफारिश भी लगवाते हैं। वे यह साबित करने की कोशिश करते हैं कि वे उस अदालत के अन्य वरिष्ठ न्यायाधीशों की तुलना में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए कैसे अधिक उपयुक्त हैं।



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस गवई ने कहा कि यह कहना पीड़ादायक है कि कुछ जज सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए अपनी उम्मीदवारी की पैरवी करने की हद तक चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि जजों में न्यायिक अनुशासन बहुत जरूरी है। जजों को समय पर कोर्ट आना चाहिए और अपने काम के प्रति ईमानदार रहना चाहिए।

29 जून को कोलकाता में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी सम्मेलन में बोलते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि जब से वे सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का हिस्सा बने हैं, 'मेरे संज्ञान में कई परेशान करने वाले उदाहरण आए हैं। कुछ उच्च न्यायालयों में के न्यायाधीश समय पर कोर्ट में नहीं बैठते हैं। यह जानकर आश्चर्य होता है कि कुछ जज कोर्ट का समय सुबह 10.30 बजे है तो सुबह 11.30 बजे बैठते हैं। वो दोपहर 12.30 बजे उठ जाते हैं, जबकि न्यायालय का समय दोपहर 1.30 बजे तक है।

जस्टिस गवई ने नियुक्तियों की प्रक्रिया को समझाते हुए बताया कि 'कॉलेजियम एक डेटाबेस पर काम करता है। इसमें उन सभी जजों की जानकारी होती है जो विचाराधीन क्षेत्र में हैं। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट में परामर्श देने वाले न्यायाधीशों की राय सहित विभिन्न सोर्स से प्राप्त इनपुट, जिन्हें ऐसे न्यायाधीशों के कामकाज की जांच करने का अवसर मिला था, को भी ध्यान में रखा जाता है।

## कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को नायब सरकार का तोहफा, सैलरी में 8 प्रतिशत का इजाफा

समाचार गेट/ब्यूरो



चंडीगढ़। प्रदेश की नायब सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से तैनात कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों के वेतन में आठ प्रतिशत बढ़ोतरी की है। बढ़ी हुई दरें पहली जुलाई से लागू होंगी। बढ़ोतरी का फायदा निगम के माध्यम से कार्यरत लेवल-1, 2 और 3 श्रेणी के एक लाख 19 हजार से अधिक कर्मचारियों को मिलेगा। सीएम नायब सिंह सैनी ने सोमवार को चंडीगढ़ में भारतीय मजदूर संघ के साथ आए विभिन्न मजदूर संघों और निगम कर्मचारियों के साथ बैठक के दौरान यह घोषणा की।सीएम ने कहा कि निगम के तहत पारदर्शी तरीके से कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। लेवल-1 में 71 हजार 12, लेवल-2 में 26 हजार 915 और लेवल-3 में 21 हजार 934 कर्मचारी हैं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत रखे गए कर्मचारियों में अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के युवाओं को भी लाभ दिया गया है। कांग्रेस सरकार के समय आउटसोर्सिंग पॉलिसी पार्ट-1 और पार्ट-2 के तहत लगे कच्चे कर्मचारियों का शोषण होता था। ठेकेदार कर्मचारी को न तो ईपीएफ का और न ही ईएसआई का लाभ देता था। लेबर फंड के तहत भी योजनाओं का लाभ कर्मचारी को नहीं मिलता था। ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कर्मचारी को नौकरी से भी हटा देता था।सीएम ने कहा कि आज की तारीख में सरकारी विभाग या निजी प्रतिष्ठानों को जरूरत के हिसाब से कौशल रोजगार निगम के माध्यम से कामगारों की नियुक्ति की जा रही है। पिछली सरकार के समय किसी कर्मचारी के साथ दुर्घटना हो जाती थी तो उसको कोई लाभ नहीं मिलता था, वह ठेकेदार के चक्कर काटता रहता था। हमने निगम बनाया और किसी भी दुर्घटना की स्थिति में सहायता करने के लिए सरकार मजबूती से कर्मचारी के साथ खड़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### दोस्त को देसी कट्टा व 2 जिंदा रोंद उपलब्ध कराने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

समाचार गेट/ब्यूरो

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी तरुण दिल्ली के प्रहलादपुर जैतपुर का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथी सलीम उर्फ सैफी उर्फ बंटी को देसी कट्टा व 2 जिंदा रोंद उपलब्ध कराए थे। आरोपी तरुण से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी कट्टे को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में किसी व्यक्ति से वारदात के समय लोगो में डर बनाने के लिए 7000 रुपए में खरीद कर लाया था। आरोपी को सेक्टर-30 एरिया से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर दिल्ली में 10 मामले चोरी, अवैध हथियार, लूट, योजना के तहत हत्या इत्यादि के दर्ज है। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया जाएगा

### ईंट मारकर व्यक्ति की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार



समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। विगत 27-28 जून की रात को थाना पल्ला क्षेत्र गांव तिलपत की मनोज कॉलोनी में राकेश निवासी गांव समेरा जिला मथुरा उत्तर प्रदेश की सिर में ईंट मार कर हत्या करने के आरोपी को क्राइम ब्रांच डीएलएफ गिरफ्तार किया है प्रेस वार्ता के दौरान एसीपी अमन यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी साहिल उर्फ सुल्टा उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के गांव भदरी का रहने वाला है। जो वर्तमान में तिलपत गांव में किराए पर रह रहा है।

आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर बदरपुर बोर्डर दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह मृतक राकेश व अपने अन्य दोस्तों के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान दोनों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई और उसने पास में ही पडी ईंट से वार कर राकेश के सिर में चोट मारी और लगातार ईंट से राकेश सिर में वार करता रहा और फिर मौके से फरार हो गया मृतक के भाई सुरेश की शिकायत पर अनजान व्यक्ति के खिलाफ थाना पल्ला में हत्या की धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी साहिल उर्फ सल्टा को आज अपराध शाखा डीएलएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मृतक के आस-पास ही गांव तिलपत में किराए पर रहता है। मामले में जांच जारी है।

### वाहन चोरी करने वाले आरोपी को मोटरसाइकिल सहित किया गिरफ्तार

समाचार गेट/ब्यूरो



फरीदाबाद। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रोहित कुमार उर्फ गुंजन सेक्टर-17 एरिया का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से बाईपास रोड़ जाट चौक गांव शाहुपुरा से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने मोटरसाइकिल को सेक्टर-16 की मार्किट से प्रयोग करने के लिए चोरी किया था। आरोपी पर पूर्व में भी चोरी का मुकदमा दर्ज है। जिनमें आरोपी गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# आईसीएआई फरीदाबाद ने 75वीं वर्षगांठ पर किया मैराथन का आयोजन

समाचार गेट/ब्यूरो



फरीदाबाद। इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की फरीदाबाद शाखा ने में 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर दिनाँक 30 जून को मैराथन का आयोजन किया जिसमे 600 से अधिक सी ए मेंबर्स एवं स्टूडेंट्स ने बढ़ चढ़ के भाग लिया कमैराथन आईसीए-आई भवन से अजरौंदा, नीलम चौक तक गई और फिर वहा से आईसीएआई भवन तक वापिस आई क शाखा के चेयरमैन सी ए मनुज गर्ग ने मैराथन में भाग लेने आए मेम्बर्स एवं स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर उनका सम्मान किया ।

1 जुलाई को आईसीएआई की 75वीं वर्षगांठ पर पौधारोपण एवं हेल्थ टॉक का आयोजन किया क कार्यक्रम में सबसे पहले मुख्य अतिथि के रूप में श्री दीपक मंगला विधायक पलवल डॉक्टर सिद्धांत बंसल, सीनियर कार्डिओलॉजिस्ट, एसएसबी हॉस्पिटल, गेस्ट स्पीकर ने ध्वजारोहण कर 75वीं सी ए स्थापना दिवस का शुभारंभ कियाकइसके बाद हेल्थ टॉक पर सेमिनार एवं निःशुल्क शारीरिक जांच कैंप का शुभारंभ भी किया क शाखा के चेयरमैन सी ए मनुज गर्ग ने मुख्य अतिथि श्री दीपक मंगला जी, को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यो को शाखा की गतिविधियों से अवगत कराया क मंच का संचालन सी ए शिव कुमार शर्मा (सचिव, फरीदाबाद ब्रांच) ने किया ! हेल्थ टॉक सेमिनार में डॉक्टर सिद्धांत बंसल ने उपस्थित मेम्बर्स एवं स्टूडेंट्स को हार्ट अटैक आने के कारणों से अवगत कराया और इससे बचने के उपायों की भी जानकारी साझा की, इस सेमिनार में 274 मेंबर्स और स्टूडेंट्स ने भाग लिया कअंत में सी ए राजेंदर सिंह ढिल्लों (वाईस चेयरमैन, फरीदाबाद ब्रांच) ने धन्यवाद के शब्दों के साथ कार्यक्रम का समापन किया ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से सी ए विपिन कुमार शर्मा, एक्स ओफ्फिसिओ, फरीदाबाद ब्रांच, सी ए संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष, सी ए मोहित अग्रवाल, सी ए नितेश पराशर इमीडियेट पास्ट चेयरमैन, फरीदाबाद ब्रांच, सी ए हर्ष कुमार मित्तल, पास्ट चेयरमैन,फरीदाबाद ब्रांच, सी ए संजय गुप्ता, (एग्जीक्यूटिव मेंबर्स, फरीदाबाद ब्रांच), सी ए विजय कुमार गुप्ता, पास्ट सेंट्रल कौंसिल मेंबर, आईसीएआई, सी ए दीपक गर्ग (पास्ट एनआईआरसी चेयरमैन) , सी ए प्रदीप कौशिक (पास्ट फरीदाबाद ब्रांच चेयरमैन) उपस्थित थे !

# बरसात के मौसम के मद्देनजर अलर्ट मोड पर रहें सभी अधिकारी : उपायुक्त विक्रम सिंह

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद । उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में बरसात के दौरान कहीं भी पानी नहीं भरना चाहिए। पानी निकासी तथा बाढ़ सुरक्षा के सभी उपाय सही तरीके से पूरा करें। किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। यदि किसी अधिकारी की कोई लापरवाही मिलती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त विक्रम सिंह आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में बाढ़ की तैयारी, आपदा प्रबंधन और जलभराव के संबंध में समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।उपायुक्त विक्रम सिंह ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जलभराव के चिह्नित स्थानों पर व्यक्तिगत रूप से दौरा कर जल निकासी के लिए जितने भी प्रबंध किए है, उन्हें समय रहते पूरा कर लें। बरसात के सीजन में सभी ड्रेनों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। ताकि बरसाती पानी के खड़े होने की समस्या से आमजन को पूरी तरह से निजात मिल सकेउपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में सभी पम्पसेट/ डिस्पोजल दुरुस्त होने चाहिए। यदि किसी पम्प सेट/ डिस्पोजल में मरम्मत की आवश्यकता है, तो यथाशीघ्र ठीक करवा लें। बरसात का पानी सड़को पर जमा न हो इसके लिए सभी तैयारियां बहुत जरुरी है।



इस विषय को लेकर कोताही नजर नहीं आनी चाहिए। सभी अधिकारियों को पूर्ण रूप से सावधान और सतर्क रहने की जरुरत है।

उपायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपस में तालमेल बनाकर रखें।

उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शहर में सभी नालों की सफाई के कार्य को दुरुस्त रखें।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात का पानी अगर अंडर पास में भरता है तो पानी निकासी के कार्य को पूरी तत्परता से निपटाएं ताकि आवागमन में आमजन को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने सभी सम्बन्धित एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने- अपने क्षेत्र में सम्भावित बाढ़ क्षेत्रों का दौरा भी करें और वहां पर किसी चीज की आवश्यकता है तो समय रहते पूरा करे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पम्प हाउसों तक जाने वाले बिजली के पोलों को चेक भी करें। ताकि कोई परेशानी न आने पाए।

उपायुक्त ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने जनरेटर सेट की व्यवस्था बिजली बैकअप जरूर रखें।समीक्षा बैठक में एडीसी डॉ आनंद शर्मा, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल, डीसीपी ट्रैफिक उषा, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त गौरव अंतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बड़खल अमित मान, एचएसवीपी के एस्टेट आफिसर्स सिद्धार्थ दहिया सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन की प्रधान बनी पूजा जैन

समाचार गेट/ब्यूरो



फरीदाबाद। इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन को नई प्रधान का दायित्व पुजा जैन को मिला है।पुजा जैन ने पदभार संभालते हुए सामाजिक उत्थान के कार्य करने की शुरुआत भी कर दी। सामाजिक कार्य से तात्पर्य उन गतिविधियों से है जो समाज की भलाई और विकास के लिए की जाती हैं। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण, वृद्धजनों की देखभाल और अन्य सामुदायिक सेवाएं शामिल हो सकती हैं। सामाजिक कार्य का उद्देश्य समाज में समानता, न्याय और समृद्धि को बढ़ावा देना में बढ़ावा दिया जाएगा। जिसमें की अपने साथियों के साथ मिलकर विशेष बीमारी से ग्रस्त बच्चों को भोजन के पैकेट्स वितरित करते हुए उनकी अच्छी देखभाल का उन्होंने बेडा उठाया है।पुजा जैन ने बताया कि हमारे क्लब का उद्देश्य अंदर ही अंदर सामाजिक कार्य करके लोगों के मन को अच्छा बनाना है, मन अच्छा होगा तो तन स्वभाविक ही अच्छा होगा।

आगे की रणनीति को लेकर पूजा जैन ने बताया कि वह भरपूर प्रयास करेंगी और अपने इस क्लब का विस्तार करते हुए जल्द नए सदस्यों को भी इन क्लब का हिस्सा बनाएगी। साथ ही पूजा जैन ने बताया कि मानसून को ध्यान मे रखते हुए एक बड़े स्तर पर पूरी टीम के साथ मिलकर पौधा रोपण भी करेंगी।इस मौके पर प्रधान पूजा जैन, सेक्रेटरी एकता रमन, ट्रेज़र लवली अग्रवाल, पूर्व प्रधान मीनू गुप्ता, संदीपिका वशिष्ठ, शैली गोयल, सुनीता सिंह, नीतू गुप्ता व शोभा जैन उपस्थित रही।

## भाजपा सरकार में क्राइम चरम सीमा पर जनता परेशानः शारदा राठौर

समाचार गेट/ब्यूरो



फरीदाबाद। सेक्टर-3 से लापता बच्चे का 16 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। इस कारण पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट सेक्टर वासियों ने मंगलवार को रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान पूर्व विधायक शारदा राठौर मौके पर पहुंची और लोगों को बातचीत कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को चेतावनी देते कहा कि अगर बच्चा जल्द नहीं मिला तो जनता का आक्रोश एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। इसके बाद लोगों से समझा कर जाम खुलवाया।

सेक्टर-3 निवासी संजय पाल नामक लडका 16 दिनों से गायब है, लेकिन उसका अभी तक कुछ पता नहीं चला है। पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट सेक्टर वासियों ने समुदाय भवन के सामने वाले रोड पर एकत्र होकर जाम लगा दिया

इस दौरान मौके पर पहुंची पूर्व विधायक शारदा राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। बच्चों व महिलाओं का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। अपराधियों को नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है। पिछले एक सप्ताह के अंदर हत्या लूटपाट अपहरण मारपीट के 8 से 10 घटना हो चुकी है। पुलिस अपराधियों को नेता और मंत्रियों का संरक्षण मिलने के कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ऐसे में गरीब लोग जाए तो कहां जाए। पूर्व विधायक ने लापता हुए संजय पाल के परिजनों और सेक्टर वासियों को आश्वासन दिया कि अगर पुलिस बच्चे का जल्द से जल्द पता नहीं लगा पाती है तो उन्हे पूरा सहयोग मिलेगा। इस मौके पर रतनलाल राणा, सुभाष लांबा लापता बच्चों के माता-पिता के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सेक्टरवासी मौजूद थे।

# विवाहिता की दहेज के लिए हत्या परिजनों ने लगाया आरोप

समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। ग्रेटर फरीदाबाद स्थित सेक्टर-85 प्रथम पुरी सोसाइटी में रहने वाली विवाहिता जय शर्मा की दहेज के लोभियों द्वारा हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता के परिजनों ने पहले बीके अस्पताल और बाद में पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया।जानकारी के अनुसार पलवल के सेक्टर 2 निवासी चंद्रभान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अप्रैल 2021 में ग्रेटर फरीदाबाद के रहने वाले अंकुर शर्मा के साथ अपनी बेटी जया की शादी बड़े ही धूमधाम से की थी। जिसमें उन्होंने 50 लाख रुपए से भी ज्यादा खर्च किए थे। उन्होंने बताया की शादी से 3-4 दिन पहले ही उन्होंने बड़ी गाड़ी की डिमांड की थी।जिनकी डिमांड को भी शादी के समय पूरा कर दिया गया था। लेकिन तभी से वे उनकी बेटी जया शर्मा को बार-बार परेशान करते थे। उनकी बेटी की निगरानी के लिए उन्होंने हर कमरे में सीसीटीवी कैमरे लगाए हुए थे। किसी से बात तक करने नहीं देते थे और उसे मानसिक तौर से परेशान किया जाता था।अभी 4 महीने पहले ही उनकी बेटी जय शर्मा ने एक बेटी को जन्म दिया था। जिसके बाद से उनका गुस्सा सातवें आसमान पर था। वह बेटी नहीं बेटा चाहते थे इसके चलते वह लगातार उनकी बेटी को बेटा ना होने पर टॉर्चर भी करते थे, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने बेटी होने पर छुछक दिया था। उनके द्वारा दिए गए उसे छुछक से वह लोग खुश नहीं थे। उनकी बेटी जया लगातार उनसे बताती थी कि उसके पति अंकुर शर्मा, नंद प्रेरणा, ननदोई राहुल और सास सुनीता व ससुर अनिल द्वारा उसे मानसिक तौर से कम दहेज लाने व बेटी पैदा होने पर प्रताडित किया जाता है।बिते कल 2 बजे जया के ससुर अनिल का उनके पास फोन आया की जया की तबीयत खराब है, वह अमृता अस्पताल में भर्ती है। फिर मात्र 10 मिनट बाद ही फिर दोबारा फोन आया की जया की मौत हो चुकी है। जब वह लोग पहुंचे तो जया की मौत हो चुकी थी। जया शर्मा की मां निर्मला ने आरोप लगाया कि सेक्टर 85 प्रथम पुरी के पास में ही एक निजी अस्पताल है। वह जया शर्मा की तबीयत बिगड़े के बाद उसे वहां ना ले जाकर अमृता अस्पताल में किस लिए लेकर गए। क्योंकि वहां जया की नन्द अस्पताल में काम करती है और साजिश के तहत ही उनकी बेटी जया को मौत के घाट उतारा गया है। जया के साथ मारपीट की गई है। जिसके चलते उसकी मौत हुई है। वह चाहते हैं की दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।जया शर्मा के पिता चंद्रभान ने बताया कि उनकी बेटी का ननदोई राहुल उन्हें बार-बार धमकियां देता था कि उसका पॉलीटिकल बैकग्राउंड अच्छा है। उसकी पुलिस से अच्छी जान पहचान है। उसने कहा कि तुम उसका कुछ भी नहीं बिगाड़ सकते। दूसरी ओर पुलिस ने भी उनकी बेटी का पोस्टमार्टम करने में काफी लापरवाही बरतते हुए देरी से करवाया।आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पहले बीके अस्पताल में हंगामा किया गया और उसके बाद पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर भारी संख्या में पहुंचकर जया शर्मा के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की गई। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस बल ने परिजनों को शांत करवाया व गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

## जिला खेल कराटे संघ फरीदाबाद का चुनाव सम्पन्न हुआ

समाचार गेट/ब्यूरो



फरीदाबाद। सेक्टर 24 होटल हाऊडी में जिला खेल कराटे संघ का चुनाव का आयोजन हुआ। जिसमें फरीदाबाद जिले से 50 कराटे मास्टरों ने हिस्सा लेकर वोटिंग हुई। वोटिंग के आधार पर पदाधिकारी नियुक्त हुए और विजय हासिल किया।

पदाधिकारी के नाम कराटे मुख्य तकनीकी निर्देशक गणेश तिवारी, चीफ लीगल एडवाइजर एडवोकेट सुरेंद्र खोड़ीवाल, एडवाइजर अवधेश कुमार,

अध्यक्ष अमरीश सिंह, उपाध्यक्ष हरीश शर्मा, महासचिव सलमान अली, डायरेक्टर सचिन कुमार, सचिव नितेश कुमार, कोषाध्यक्ष सुधीर वर्मा, चिकित्सा विभाग डॉक्टर गीता गिरी, चुनाव की अध्यक्षता भाजपा नेता ब्राह्मण शिरोमणि प्रणव शुक्ला, भाजपा नेता राष्ट्रीय पहलवान अंगद चौरसिया एवं समाजसेवी सी के राय ने की।

इस दौरान गणेश तिवारी ने कहा कि हम संगठन को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। चुनाव सभा को संबोधित करते हुए प्रणव शुक्ला ने सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।



# नरगिस फाखरी अब फिल्म में वापसी को तैयार

बालीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी अब पवन कल्याण की फिल्म से वापसी को तैयार हैं। फिल्म मेकर इम्तियाज अली की नजर जब उन पर पड़ी तो उन्हें रणबीर कपूर स्टारर रोमांटिक फिल्म रॉकस्टार के लिए उन्हें अप्रोच किया। इस तरह उन्होंने 2011 में हिंदी सिनेमा में कदम रखा। इसके बाद, साल 2013 में थ्रिलर मद्रास कैफे में नजर आईं और फिर मैं तेरा हीरो, अजहर, अमावस और हाउसफुल 3 जैसी फिल्मों में उन्हें देखा गया। 44 साल की नरगिस ने हॉलीवुड की एक्शन कॉमेडी फिल्म स्पाई बाय पॉल फेग में भी अभिनय किया, जिसमें मेलिसा मैकार्थी, जेसन स्टैथम, रोज बायरन, जूड लॉ, मिरांडा हार्ट, बॉबी कैनवले, पीटर सेराफिनोविच, मोरेना बैकारिन और एलीसन जैनी ने एक्टिंग की, लेकिन उन्हें आगे मनमुताबिक फिल्में नहीं मिली। नरगिस को अब से पहले अजयन वेणुगोपालन द्वारा निर्देशित कॉमेडी-ड्रामा शिव शास्त्री बलबोआ में देखा गया था। इसमें अनुपम खेर, नीना गुप्ता और जुगल हंसराज लीड रोल में थे। वे जल्द ही पवन कल्याण स्टारर पीरियड फिल्म हरि हर वीरा मल्लू-पार्ट 1 - स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट में नजर आएंगी।

नरगिस इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। वे पहली तस्वीर में कैमरे की तरफ देखती हुई मुस्कुराती नजर आ रही हैं और कैप्शन में उन्होंने रेड हार्ट वाला इमोजी शेयर किया है। नरगिस ने इसके बाद अपनी एक क्लोज-अप फोटो शेयर की, जिसमें वे अपनी परफेक्ट स्किन को फ्लॉन्ट कर रही हैं। उन्होंने अपने लुक को नेचुरल मेकअप और गोल्ड इयररिंग्स के साथ पूरा किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं रेड कलर के साथ सेलिब्रेट करने के लिए तैयार हूं। नरगिस ने एक और पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, रेड महज एक कलर नहीं है। यह मूड है। नरगिस के करियर पर नजर डालें तो, एक्टिंग में आने से पहले वह मॉडल थीं। उन्होंने कई विदेशी मॉडलिंग एजेंसियों के साथ काम किया और साल 2009 में किंगफिशर की कैलेंडर गर्ल बन गईं। यहां से उनके लिए बॉलीवुड का रास्ता खुल गया। बता दें कि नरगिस फाखरी को दर्शक उनकी फिल्म रॉकस्टार की वजह से याद करते हैं, जिसमें रणबीर कपूर के साथ उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को बहुत पसंद आई थी। उन्होंने लंबे वक्त से कोई खास रोल नहीं निभाया है, हालांकि वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अपने फैशन सेंस से सबका ध्यान खींचती रहती हैं।



# शाहरुख खान स्टार हैं और हमेशा रहेंगे: अभिजीत भट्टाचार्य

एक समय ऐसा भी था, जब सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान की आवाज के रूप में जाने जाते थे। सिंगर ने एक बार फिर गानों में श्रेय न मिलने पर निराशा व्यक्त की है और एक्टर शाहरुख खान को लेकर खुलासा किया है। अभिजीत भट्टाचार्य ने कहा- यह कुछ ऐसा है जिसे शाहरुख खान बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। हमारे बीच कोई अंतर नहीं है। हमारे जन्मदिन में बस एक दिन का अंतर है। हमारा स्वभाव एक जैसा है। हम दोनों जानते हैं कि हम क्या बनने जा रहे हैं। अगर मैं आज उनके पास जाऊं तो उनसे छह-सात साल सीनियर होने के नाते कह सकता हूं, बहुत हो गया ड्रामा, आप स्टार हैं और हमेशा रहेंगे। अभिजीत भट्टाचार्य ने आगे कहा- मैं उनसे आगे कहूंगा, आप स्टार हैं और हमेशा रहेंगे, लेकिन अगर मैं वापस सीन में आया, तो फिर बात मुझ पर होगी और आप पर नहीं। कभी ऐसा लगता है कि वो भी ऐसे आदमी हैं जो इतराते हैं... या तो उनके पास बिल्कुल वक्त नहीं है। लेकिन वो ऐसे नहीं है। मैं अपने आप को जानता हूं तो उनको भी बहुत अच्छे से जानता हूं, जबकि मेरा कोई करीबी रिश्ता नहीं है। लेकिन उनको इतना पता है कि मुझे बुरा लगा है। बता दें कि सिंगर अभिजीत भट्टाचार्य मैं कोई ऐसा गीत गाऊं, मेला दिलों का और तुम्हें जो मैंने देखा जैसे कई हिट गाने दे चुके हैं। लोग आज भी उनकी आवाज के दीवाने है। उन्होंने शाहरुख खान की फिल्म मैं हूं ना में भी अपनी आवाज दी थी।

# अमिताभ ओरिजनल मास हीरो: नागार्जुन

दक्षिण भारत के सुपर स्टार नागार्जुन अक्किनेनी ने अमिताभ बच्चन को ओरिजनल मास हीरो बताया। फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा की भूमिका निभाई है, जो भगवान विष्णु के दसवें अवतार कल्कि की प्रतीक्षा कर रहे हैं। फिल्म को नाग अश्विन ने डायरेक्ट किया है। नागार्जुन ने एक्स पोस्ट पर फिल्म निर्माता नाग अश्विन की भी तारीफ की। उन्होंने लिखा, सुपर डुपर कल्कि 2898 एडी की टीम को बधाई!! अश्विन, आप हमें एक अलग दुनिया में ले गए। आपने कल्पना को पौराणिक कथाओं और इतिहास के साथ बहुत सहजता से जोड़ा है!!' इसके बाद नागार्जुन ने अमिताभ की तारीफ करते हुए लिखा, अमित जी, ओरिजनल मास हीरो... सर, आपने अपने परफॉर्मेंस से आग लगा दी है। फिल्म में प्रभास भैरवा के किरदार में हैं, जो कहानी में सरप्राइज ट्विस्ट लेकर आते हैं। दीपिका पादुकोण सुमति की भूमिका में नजर आईं, जो मजबूत महिला हैं और कोख में पल रहे बच्चे के लिए संघर्ष करती हैं। वहीं कॉम्प्लेक्स नाम के एम्पायर के शासक सुप्रीम यास्किन के खलनायक किरदार में कमल हासन हैं। नागार्जुन ने सुपरस्टार कमल हासन, प्रभास और दीपिका की भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, कमलजी को सीक्वल में देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता... उनसे बहुत कुछ सीखा है! प्रभास आपने अपने दमदार एक्टिंग से एक बार फिर फैंस को दीवाना बना दिया है!!' उन्होंने आगे कहा, दीपिका जी, आप मां के किरदार में अविश्वसनीय लग रही हैं!! और बाकी टीम। अश्विनी दत्त गारू, स्वीटी और स्वप्ना, भगवान आप पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें। भारतीय सिनेमा ने फिर से यह कर दिखाया!!' फिल्म में कई स्टार स्पेशल अपीयरेंस में हैं, इनमें डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा, फिल्म मेकर एस.एस. राजामौली, एक्टर विजय देवरकोंडा, दुलकर सलमान और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर शामिल हैं। बता दें कि इस साल की सबसे बड़ी फिल्म कहे जाने वाली कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी हैं। लोग फिल्म को काफी पसंद कर रहे हैं।



# स्विमिंग पूल में अपने पेट डॉग के साथ मस्ती कर रही ईशा

बॉलीवुड एक्ट्रेस और ब्यूटी क्वीन रह चुकी ईशा गुप्ता अपने ग्लैमरस लुक को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं, वह अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ शेयर करती दिख जाती हैं, उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह स्विमिंग पूल में अपने पेट डॉग के साथ मस्ती करती नजर आ रही हैं। बता दें कि लगातार फ्लॉप फिल्मों में नजर आने के बाद ईशा एक्टिंग की दुनिया से दूर होती चली गई थीं। लेकिन बॉबी देओल की आश्रम में अपने किरदार से उन्होंने दर्शकों का ऐसा दिल जीता कि उनका डूबा हुआ करियर की नैया पार लग गई। एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने इमरान हाशमी के साथ फिल्म 'जन्नत' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। करियर की शुरुआत में उन्होंने कई फिल्मों में काम लेकिन बाद में फ्लॉप होती फिल्मों के बाद वह एक्टिंग से दूर हो गईं। ओटीटी पर सीरीज 'आश्रम' से उनके करियर की डूबती नैया पार लगी थी। ईशा गुप्ता के करियर को नया मोड़ बॉबी देओल की सीरीज 'आश्रम 3' से मिला था। इस सीरीज में उन्होंने सोनिया का किरदार निभाकर वाहवाही लुटी थी। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं, ईशा कभी एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं। इस बात का खुलासा खुद एक्ट्रेस ने किया था। ईशा गुप्ता भले ही लंबे समय से एक्टिंग की दुनिया में अपने जड़े जमाए हुए हैं। लेकिन वह कभी एक्टिंग में करियर नहीं बनाना चाहती थीं। इस बात का खुलासा खुद उन्होंनने अपने इंटरव्यू में बताया कि उनका एक्टर बनने का कोई प्लान नहीं था, एक्टिंग में आने के बारे में उन्होंने कभी सोचा ही नहीं था। वह तो हमेशा से ही एक वकील बनना चाहती थी, लेकिन लक बाय चांस एक्टर बन गईं।



# खेल प्रेजेंटर बनने पर मिली काफी आलोचना: मंदिरा बेदी

हाल ही में एक्ट्रेस मंदिरा बेदी खुलासा किया कि, उनके एंकरिंग गिग्स के कारण, लोग भूल गए कि वह एक एक्ट्रेस भी हैं। उन्हें अपने एंकरिंग जॉब के लिए नेगेटिव रिमार्क से बचने के लिए सोशल मीडिया से दूर रहने के लिए भी कहा गया था। मंदिरा बेदी ने इंटरव्यू में कहा कि उन्हें सही समय पर सही जगह पर होने के कारण एंकरिंग गिग मिला।



उन्होंने ये भी कहा कि खेल प्रेजेंटर बनने के लिए उनकी काफी आलोचना की गई थी। उन दिनों को याद करते हुए, उन्होंने कहा, 'हमारे पास उस समय सोशल मीडिया नहीं था जहां आज आप लोगों के कमेंट्स देख सकते थे।' मंदिरा बेदी ने कहा, 'हमारे पास इंटरनेट था, लेकिन अब जैसा नहीं। सोनी ने मुझे इन सब से दूर रखा। उन्होंने कहा, 'आपको यह जानने की परमिशन नहीं है कि लोग क्या कह रहे हैं।' उन्होंने मेरे लिए यह सब बंद कर दिया। क्रिकेट के समय से मैंने जो सीखा, वह यह है कि जीवन में ऐसे लोग होंगे जो आपको पसंद करेंगे और फिर जीवन में ऐसे लोग भी होंगे जो आपको पसंद नहीं करेंगे। इसलिए जो लोग आपको पसंद करते हैं, उनके प्रति आभारी रहें और जो लोग आपको पसंद नहीं करते, उन्हें खुश करने की कोशिश न करें। मंदिरा बेदी ने खेल की दुनिया में अपने सफर के बारे में भी कहा, '2002 में, भारत ने इंग्लैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब, क्योंकि मुझे क्रिकेट पसंद है, इसलिए मैंने मैच देखने के लिए श्रीलंका जाने का फैसला किया। इसलिए, मैंने अपने लिए टिकट बुक किया और वहां पहुंच गई' मंदिरा ने यह भी खुलासा किया कि, एक होस्ट के रूप में पॉपुलैरिटी हासिल करने बाद उन्हें एक्टिंग के ऑफर नहीं मिल पाए। मंदिरा बेदी ने कहा कि उन्हें एंकरिंग और एमसी की नौकरियों के लिए लगातार ऑफर मिल रहे थे, क्योंकि हर कोई भूल गया था कि वह एक एक्ट्रेस हैं। मंदिरा ने टीवी शो 'शांति' से एक्टिंग की शुरुआत की। इसके बाद उन्हें पहली बॉलीवुड फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' मिली। इसके बाद उन्होंने 'दस कहानियां', 'इत्तेफाक' और 'साहो' कई फिल्मों में काम किया। बता दें कि मंदिरा बेदी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने दूरदर्शन के शो 'शांति' से पॉपुलैरिटी हासिल की और कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने एक्टिंग के साथ-साथ होस्टिंग भी की। होस्टिंग के जरिए उन्होंने क्रिकेट इंडस्ट्री में भी खूब नाम कमाया। उन्हें 2003 में पहली महिला क्रिकेट प्रेजेंटर के रूप में चुना गया था।

# देवोलीना की तस्वीरें देख फैंस लगा रहे प्रेग्नेंट होने के कयास

एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसी तस्वीरें शेयर कर दीं, जिन्हें देखने के बाद उनके प्रेग्नेंट होने के कयास लगाए जा रहे हैं। तस्वीरों में देवोलीना व्हाइट ड्रेस में नजर आ रही है। इसके ऊपर से एक्ट्रेस ने स्लीवलेस जैकेट पहनी हुई है।

लाइट मेकअप और ओपन हेयर्स से देवोलीना ने अपने लुक को कम्पलीट किया हुआ है। एक्ट्रेस बीच किनारे पोज दे रही है। बैकग्राउंड में नीले आसमान की झलक दिखाई दे रही है। देवोलीना की इन तस्वीरों को देखने के बाद यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस प्रेग्नेंट हैं, क्योंकि उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा है। अपनी प्रेग्नेंसी की चर्चा होते देख देवोलीना ने इन खबरों पर रिएक्शन दिया है। देवोलीना भट्टाचार्जी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में पोस्ट शेयर कर लिखा- कई लोग मेरी प्रेग्नेंसी को लेकर काफी समय से मुझे मैसेज कर रहे हैं, इसे लेकर खबरें बना रहे हैं। मुझे यकीन है कि जब भी मेरा मन ऐसी खबरें आप सबके साथ साझा करने का होगा, तो मैं खुद ऐसा करूंगी। फिलहाल, कृपया मुझे परेशान न करें। एक बार जब आपको पता चल जाए कि मैं प्रेग्नेंट हूं या नहीं तो आप क्या करेंगे? क्या आप सुर्खियां बनाएंगे, अपना खुद का कंटेंट बनाएंगे, ट्रोल करेंगे या 2-3 अच्छी चीजों को सही करेंगे? लेकिन मेरा विश्वास करो, मुझे इनमें से किसी का भी लालच नहीं है। यह मेरा पर्सनल स्पेस है और आपको मुझे परेशान करने के लिए इन्वाइट नहीं किया गया है। देवोलीना ने आगे लिखा- मुझे यकीन है कि अगर कोई आपके पर्सनल स्पेस में घुसपैठ करता है या कॉन्टेंट बनाता है, तो आपको यह पसंद नहीं आएगा। सोशल मीडिया पर खुद को व्यस्त रखने के लिए पर्याप्त कॉन्टेंट मौजूद है। मुझे यकीन है कि अब तक आप सभी समझ गए होंगे कि मुझे अपनी पर्सनल लाइफ में हस्तक्षेप पसंद नहीं है। धन्यवाद। बता दें कि एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने साल 2022 में अपने बॉयफ्रेंड शाहनवाज शेख से अचानक शादी कर सबको हैरान कर दिया था। दोनों ने अपने परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में मुंबई के बाहर लोखंडवाला में कोर्ट मैरिज की थी। कपल की शादी को करीब डेढ़ साल हो चुका है।

# फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चा में विक्की कौशल

बालीवुड एक्टर विक्की कौशल अपनी अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा फिल्म बैड न्यूज को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में कॉमेडी के साथ-साथ रोमांस का भी तड़का देखने को मिलेगा। इसमें विक्की कौशल तृप्ति डिमरी और एमी विर्क के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आने वाले हैं।

फिल्म को करने के पीछे की वजह बताते हुए एक्टर ने कहा है कि उन्होंने इस मूवी के लिए इसलिए हामी भरी, क्योंकि वह कॉमेडी जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहते थे। वह ऐसा कुछ करना चाहते थे, जो उन्होंने पहले नहीं किया है। एक्टर ने कॉमेडी फिल्म की शूटिंग के एक्सपीरियंस को शेयर किया। उन्होंने कहा कि इस जॉनर में पहली बार काम करने के बावजूद उन्हें इसमें काफी सहजता महसूस हुई। विक्की ने कहा, मेरे लिए इस फिल्म की शूटिंग घर पर होने जैसा था। आनंद तिवारी और करण जौहर के साथ काम करना काफी अच्छा रहा, साथ ही स्क्रिप्ट भी बहुत अच्छी थी। फिल्म का कॉन्सेप्ट मुझे नया लगा और इसमें कॉमेडी भरपूर है, हालांकि मैंने बतौर एक्टर कॉमेडी जॉनर को ज्यादा एक्सप्लोर नहीं किया है।



फिल्म डायरेक्टर आनंद तिवारी के बारे में बात करते हुए विक्की ने कहा, एक बेहतरीन एक्टर होने के अलावा, वह एक शानदार डायरेक्टर भी हैं, खासकर जब कॉमेडी की बात आती है, तो उनसे बेहतर एक्टर कोई नहीं है। एक्टर ने आगे कहा, मेरे लिए यह कुछ नया भी था। सीन में जिस तरह की एनर्जी दिखाने की जरूरत होती है, वह मुझे सेट से मिली। मैं एक फैमिली के साथ काम कर रहा था, जो मायने काफी रखता है, क्योंकि मैंने कॉमेडी जॉनर में न के बराबर काम किया है और बहुत सी चीजें मेरे लिए नई थीं। इसलिए, बिना ज्यादा सोचे-समझे, मैंने इनके सामने सरेंडर कर दिया। फिल्म का डायरेक्शन आनंद तिवारी ने किया है। वहीं स्क्रिप्ट तरुण डुडेजा और इशिता मोइत्रा ने मिलकर लिखी है। यह अमेजन प्राइम और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा लियो मीडिया कलेक्टिव के सहयोग से प्रस्तुत की जा रही है। फिल्म में विक्की कौशल के अलावा तृप्ति डिमरी और एमी विर्क भी हैं। वहीं नेहा धूपिया भी अहम रोल में हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में तृप्ति ने सलोनी नाम की लड़की का किरदार निभाया है, जो प्रेग्नेंट है, लेकिन बच्चे का बाप कौन है, इसको लेकर कन्फ्यूजन में है। जब यह बात वह विक्की कौशल को बताती हैं, तो वह काफी खुश होते है कि वह पापा बनने वाले हैं। इसी बीच विक्की को पता चलता है कि तृप्ति का एमी विर्क के साथ भी रिलेशन है। वह उसके साथ भी कमिटेड हुई थी। विक्की कौशल, अखिल चड्ढा और एमी विर्क, गुरबीर पाजी के रोल में हैं। पिता का पता लगाने के लिए तृप्ति डॉक्टर की सलाह पर दोनों का पैटर्निटी टेस्ट करवाती हैं, तो पता चलता है कि दोनों ही बच्चे के बाप है।

